एशियाई जलपक्षी गणना

एशियाई जलपक्षी गणना (Asian Waterbird Census- AWC) 2023 के अनुसार, कुछ प्रवासी जलपक्षियों की आबादी, विशेष रूप से केरल के अलप्पुझा क्षेत्र में आने वाली बत्तख की प्रजातियों में गिरावट देखी गई है।

//

प्रमुख बिंदु

- **प्रमुख विलुप्त प्रजातियाँ:**
  - पिछले सर्वेक्षणों में देखी गई **उत्तरी शोवेलर, कॉमन टील और यूरेशियन कबूतर** जैसी बत्तख प्रजातियाँ इस बार पूरी तरह से गायब थीं।
- **जलवायु परिवर्तन का प्रभाव:**
  - जलवायु परिवर्तन ने इस क्षेत्र में आने वाले पक्षियों की संख्या को प्रभावित किया है। हालाँकि पक्षी प्रवासन पर जलवायु परिवर्तन के सटीक **प्रभाव के संदर्भ में अधिक विस्तृत अध्ययन की आवश्यकता है।**

एशियाई जलपक्षी गणना (AWC):

- **परिचय:**
  - यह एक नागरिक-विज्ञान कार्यक्रम है जो विश्व भर में आर्द्रभूमि और जलपक्षी के संरक्षण एवं प्रबंधन का समर्थन करता है।
    - **AWC** वैश्विक परियोजना **'द इंटरनेशनल वॉटर बर्ड सेंसस प्रोग्राम' का एक अभिन्न अंग** है।
  - इसका संचालन अफ्रीका, यूरोप, पश्चिम एशिया, नियोट्रोपिक्स और कैरेबियन में अंतर्राष्ट्रीय जलपक्षी गणना के अन्य क्षेत्रीय कार्यक्रमों के समानांतर होता है।
- **भारत में AWC:**
  - यह **वर्ष 1987 में भारतीय उपमहाद्वीप में शुरू** किया गया था और इसने अफगानिस्तान से पूर्व की ओर **जापान, दक्षिण-पूर्व एशिया और आस्ट्रेलिया तक एशिया के प्रमुख क्षेत्रों** को तेज़ी से कवर किया है।
  - भारत में AWC को **बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी (BNHS)** और **वेटलैंड्स इंटरनेशनल** द्वारा **संयुक्त रूप से समन्वित** किया जाता है।
- **महत्त्व:**
  - यह आर्द्रभूमि में पक्षियों के साथ-साथ आर्द्रभूमि के स्वास्थ्य के संदर्भ में जानकारी प्रदान करता है यानी जितने अधिक जलपक्षी, उतनी ही अच्छी आर्द्रभूमि होगी।
  - यह कन्वेंशन ऑन माइग्रेटरी स्पीसीज़ (Convention on Migratory Species- CMS) और कन्वेंशन ऑन बायोलॉजिकल डायवर्सिटी (Convention on Biological Diversity's- CBD) को लागू करने में भी मदद करता है।

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

प्रश्न. 'वेटलैंड्स इंटरनेशनल' नामक संरक्षण संगठन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं? (2014)

1. यह उन देशों द्वारा गठित एक अंतर-सरकारी संगठन है जो रामसर कन्वेंशन के हस्ताक्षरकर्त्ता हैं।
2. यह ज्ञान के विकास और संग्रहण के लिये तथा व्यावहारिक अनुभव का बेहतर नीतियों हेतु परसमर्थन करने के लिये क्षेत्र स्तर पर कार्य करता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(A) केवल 1
(B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों
(D) न तो 1 और न ही 2

उत्तर: (B)

स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/asian-waterbird-census-1